कोयला खान के महाप्रबन्धक और कोयला मजदूर सभा के बीच उन मांगों के सम्बन्ध में 2 दिसम्बर, 1978, 3 दिसम्बर, 1978 और 23 दिसम्बर, 1978 को समझौता भी हो गया था परन्तु प्रबन्धकों ने उसको अब तक क्रियान्वित नहीं किया है ।

(ख) यदि हां, तो क्या अनेक मजदूर नेताओं ने इस प्रयोजन के लिए मरण व्रत रखा था परन्तु वह भी बेकार रहा; और

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार ने उसको क्रियान्वित करने के लिए प्रबन्धकों को कोई निदेश जारी किये हैं ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) (क) मध्य प्रदेश कोयला मजदूर सभा आदि और प्रबन्ध मण्डल के बीच मांग-पत्र पर चर्चा के लिए नवम्बर और दिसम्बर, 1978 में कई बैठकें हुई जिसमें, 2, 3 और 17 दिसम्बर, को हुई बैठकें शामिल हैं । प्रबन्ध मण्डल ने स्वीकार किए गए अधिकांश निर्णय लागू कर दिए हैं और जो कुछ बाकी बचे हैं उनके सम्बन्ध में कार्यवाही हो रही है ।

(ख) मध्य प्रदेश कोयला मजदूर सभा के पदाधिकारियों ने 14 से 17 दिसम्बर, 1979 तक अपनी मांगों के समर्थन में भूख हड़ताल की थी ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

एक मंत्री की नियुक्ति के बारे में समाचार प्रसारण

10036. डा० रामजी सिंह : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने श्री दयानन्द सहाय को मंत्री पद पर नियुक्त किये जाने का समाचार आकाशवाणी से प्रसारित किया गया था;

(ख) क्या वास्तव में उन्हें मंत्री मंडल में सम्मिलित करने का निर्णय किया गया था परन्तु यह निर्णय कुछ समय के लिए छोड़ दिया गया है ; और

(ग) क्या यह बात सुनिश्चित कराने के लिए आकाशवाणी सावधानी बरतेगी कि भविष्य में ऐसे महत्वपूर्ण समाचार पर प्रसारण से पहले गम्भीरता से ध्यान दिया जाये ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) और (ख). जी, हां । केवल 25 जनवरी, 1979 के रात्रि 9.00 के बुलेटिन (अंग्रेजी) मे, जो एक समाचार एजेन्सी के सन्देश पर आधारित था, बाद में गलत पाया गया । जैसे ही गलती का पता लगा, इसकी तत्काल रात्रि के 9.15 के बुलेटिन (उ.) मे तथा बाद में अन्य बलेटिनो मे भी ठीक कर दिया गया ।

(ग) जी, हां

Production of Pesticides/Insecticides by M/s. Sandoz

10037. SHRI NATVERLAL B. PARMAR: Will the Minister of PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) when were M/s. Sandoz given licences for pesticides formulations in the country and how much capital they have brought in our country for this activity;

(b) whether it is a fact that funds earned on other industries by M/s. Sandoz are invested in pesticide/insecticide formulations thus encouraging unauthorised production and sales to the detriment of Indian sector units in this line; and

(c) if so, the details of the measures to be undertaken in this regard?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA) (a) M/s. Sandoz were granted a C.O.B. Licence on 3-7-1971 for making formulations of twelve specified pesticides, for a